/font>

Title: Need to provide stoppage of Mahananda Express at Bharwari railway station and also introduce a shuttle train between Allahabad and Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री सुरेश पासी (चायल) : महोदय, वर्तमान में मेरे संसदीय क्षेत्र से होकर चलने वाली रेलगाड़ी महानन्दा एक्सप्रैस का ठहराव भरवारी रेलवे स्टेशन पर नहीं है, जबकि यह महत्वपूर्ण स्टेशन है। यहां पर पोस्ट आफिस, पुलिस स्टेशन, बैंक, विद्यालय आदि के साथ-साथ काफी संख्या में सरकारी कार्यालय हैं। यहां से बड़ी संख्या में यात्रियों का इलाहाबाद एवं कानपुर आना-जाना लगा रहता है।

महानन्दा एक्सप्रैस को भरवारी रेलवे स्टेशन पर रोकने के लिए जनता लम्बे समय से मांग करती आ रही है। कोशाम्बी 1997 में नया जिला बना है। उस समय इन स्टेशनों पर डाउन एवं अप दोनों गाड़िया रुकती थीं, परन्तु पिछले काफी समय से यह गाड़ी यहां नहीं रुकती है, जिस कारण आम जनता, कर्मचारी वर्ग एवं व्यापारियों को बहुत परेशानी हो रही है।

एक शटल ट्रेन इलाहाबाद से कानपुर के बीच चालू की जायें। इलाहाबाद एवं कानपुर उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण महानगरों में से एक हैं तथा भरवारी की काफी आबादी दोनों महानगरों में अप-डाउन करती रहती है। आम जनता के अलावा व्यापारी वर्ग एवं राजनीतिज्ञों का भी इस रूट पर काफी आना-जाना लगा रहता है। भरवारी से दोनों महानगरों में काफी संख्या में कर्मचारी कार्य करते हैं, जिन्हें प्रतिदिन इलाहाबाद तथा कानपुर अप-डाउन करना पड़ता है।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से आग्रह है कि आम जनता, व्यापारी, कर्मचारी एवं राजनितिज्ञों की सुविधा हेतु महानन्दा एक्सप्रैस का भरवारी रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाए तथा इलाहाबाद से कानपुर के बीच एक शटल ट्रेन अब एंव डाउन चलायी जाए।